प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय में व्याख्यान–सह–इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

पन्तनगर। 1 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग द्वारा एक व्याख्यान–सह–इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व प्रतिष्ठित एलुमनाई, गृह विज्ञान महाविद्यालय डा. अर्चना गुप्ता, संस्थापक एवं निदेशक, स्वास्ति सुखम केयर फाउंडेशन व पोषण एवं कल्याण संस्थान, दिल्ली द्वारा 'जीवनशैली में बदलावः सफलता की कुंजी' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इंटरैक्टिव सत्र में उनके द्वारा महाविद्यालय के छात्रों को मानव जीवन में शारीरिक फिटनेस के महत्व के बारे में बताते हुए शारीरिक फिटनेस को बनाये रखने हेतु विभिन्न शारीरिक गतिविधियां/व्यायाम भी सिखाये। इस आयोजन में डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा गृह विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में व्याख्यान देते अतिथिगण।

निदेशक संचार